27/04/2024

आकाशवाणी ईटानगर

चौबीस अप्रैल को राज्य के आठ मतदान केंद्रों पर नए सिरे से चुनाव संपन्न होने के बाद, कुल मिलाकर अरुणाचल प्रदेश में संसदीय चुनावों में 77.7 प्रतिशत और विधानसभा चुनावों में 82.95 प्रतिशत वोट दर्ज किए गए। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में राज्य के लोगों को इतने जबरदस्त तरीके से चुनाव में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों की भावना की सराहना की, जो खराब मौसम और कठिन इलाके का सामना करते हुए सफलतापूर्वक मतदान कराने के लिए अपने संबंधित बूथों तक पहुंचे। उन्होंने पूरी मतदान प्रक्रिया की निगरानी करने और राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से एक साथ चुनाव कराने के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की भी सराहना की। अरुणाचल प्रदेश की दो संसदीय सीटों और नई विधान सभा के लिए इस महीने एक ही चरण में 19 अप्रैल को एक साथ मतदान हुआ था।

0000000000000000000

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल शाम सात बजे तक 60 दशमलव नौ-छह प्रतिशत मतदान दर्ज हूआ। इस चरण में 88 लोकसभा सीटों पर वोट डाले गए। मतदान शांतिपूर्ण रहा और गर्मी के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस चरण में, 13 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मतदाताओं ने वोट डाले। केरल की बीस सीटों, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की आठ-आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ की तीन-तीन और मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट के लिए मतदान हुआ।

दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल संसदीय सीट पर होने वाला मतदान बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के निधन के कारण अब तीसरे चरण में होगा। निर्वाचन आयोग ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के कड़े सुरक्षा उपायों से मतदाताओं ने भय-मुक्त माहौल में मतदान किया।

0000000000000000000

वेस्त कामेंग जिले के न्युकमादुंग में एक समर्पित सांस्कृतिक और विरासत संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। यह पहल न्युकमाडुंग की 16वीं मद्रास रेजिमेंट, सेला की 46वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज और वेस्त कामेंग जिला प्रशासन का एक सहयोगात्मक प्रयास होगा। शुक्रवार को दिरांग में एक समन्वय बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया। संग्रहालय का उद्देश्य क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं, धर्म और जैव विविधता को संरक्षित और बढ़ावा देना है। इस अवसर पर भारतीय विरासत संस्थान के सदस्यों ने देश भर में सामुदायिक संग्रहालयों की स्थापना में अपने 'सफल' अनुभव साझा किए, और पर्यटन और सांस्कृतिक संरक्षण पर उनके आर्थिक प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने पूरे समुदाय से संग्रहालय की स्थापना में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया।

0000000000000000000

ईस्त सियांग जिले में, फसल प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर एक किसान-वैज्ञानिक परामर्श कार्यक्रम शुक्रवार को मोतुम गांव में आयोजित किया गया। इस अवसर आईसीएआर कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयो अनुसंधान संस्थान, जोन VI गुवाहाटी के निदेशक डॉ. कादिरवल गोविंदासामी ने परिवार की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने, पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने और अंततः गांव में जीरो- हंगर को प्राप्त करने के लिए पोषण उद्यान बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि हंगर फ़्री विलेज क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक विकास को लाभ पहुंचा सकता है। इस अवसर पर अन्य वैज्ञानिकों ने भी बागवानी फसलों, माध्यमिक कृषि और मुर्गीपालन प्रबंधन में कीट और रोग प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में किसानों और विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने भाग लिया।

0000000000000000000

कुरुंग कुमे, ईस्त कामेंग और क्रा दादी जिलों के पुरोइक समुदाय ने संयुक्त रूप से इस महीने 22 से 26 अप्रैल तक पॉलिन में तीसरा गुमकुम गुम्पा उत्सव मनाया गया। उत्सव समिति के अध्यक्ष सिजी पुनुंग ने बताया कि गुमकुम गुम्पा उत्सव एक गैर-अनुष्ठान उत्सव था जिसका लक्ष्य मुख्य रूप से अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले पुरियोक समुदाय के बंधुआ मजदूरों को फिर से संगठित करना था। दादी जिला उपायुक्त सनी के सिंह ने शुक्रवार को समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए पुरियोक समुदाय से दस्तावेज़ीकरण के रूप में पारंपरिक प्रथा को संरक्षित और बढ़ावा देने का आह्वान किया ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी विरासत को आगे बढ़ा सके।

0000000000000000000

वेस्त सियांग जिले में, टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज आलो के ट्रेनी शिक्षकों ने आलो के काबू गांव में छात्रों के बीच पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस पहल का उद्देश्य समुदाय में छात्रों के बीच पढ़ने की आदतों को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम में, संस्थान के ट्रेनी शिक्षकों ने गाँव में एक मिनी लाइब्रेरी स्थापित की और विभिन्न रिडिंग गेम्स एंड स्टोरी टेलिंग सत्र आयोजित किए। इस अवसर पर रिडिंग कंपीटीशन आयोजित की गई और भाग लेने वाले छात्रों को किताबें और स्टेशनरी भी दी गईं।

0000000000000000000

गोल्डन जुबली कैपिटल कॉम्प्लेक्स 5 जुलाई को ड्री महोत्सव की अपनी 50वीं वर्षगांठ मनाएगा। उत्सव की तैयारी के रूप में, महोत्सव समिति ने एक ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जो संस्कृति और रीति-रिवाजों को प्रदर्शित करने के लिए समर्पित है। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने मूल रूप से अपतानी पारंपरिक गीतों, मंत्रों और संगीत वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन किया।

0000000000000000000